राजधानी कॉलेजः राजा गार्डनः नई दिल्ली-110015.
दिल्ली विश्वविद्यालय-110007.

122

आर.सी./आर.जी. दिनांक/Dated: 28.09.2026

सूचना

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम् सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि सभी छात्र 15/10/2026 तक अवश्य ही परीक्षा-पत्र भर दें। परीक्षा-पत्र भरने का लिंक एवं अन्य जानकारी कॉलेज की वेबसाइट से देख ले साथ ही छात्रों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा-पत्र भरते समय उनको निम्नलिखित सावधानियों का आवश्यक ध्यान रखना हैं।

1. विद्यार्थी जिस कोर्स में पढ़ रहे हैं उस विषय का जी.ई. (GE) नहीं ले सकते हैं।

2. जिन छात्रों ने जी.ई(GE), एस.ई.सी. (SEC) एवं वी.ए.सी. (VAC) पूर्व सेमेस्टरों में पढ़ लिए हैं, वे उन्हें पुनः नहीं ले सकते।

3. ऐसे विषयों का चयन नहीं करना है जो राजधानी कॉलेज के विभाग के किसी कोर्स द्वारा प्रदत्त नहीं किए गए हैं।

4. कला-स्नातक के छात्र परीक्षा पत्र भरते समय विशेष ध्यान रखेंगे कि यदि उन्होंने अपने संयोजन में भाषा विषय हिंदी, अंग्रेजी एवं संस्कृत लिया हुआ है तो ऐसे छात्र केवल एक वर्ष भाषा विषयो को पढ़ेंगे साथ ही जिन छात्रों के संयोजन इनसे अलग हैं वे छात्र दो वर्ष तक भाषा का विषय पढ़ेंगे।

5. छात्र केवल गत सम सेमेस्टर का ही सुधार भर सकता है, उदाहरण के लिए यदि छात्र पंचम् सेमेस्टर में है तो केवल तृतीय सेमेस्टर का ही सुधार कर सकता है न की प्रथम सेमेस्टर का (विश्वविद्यालय के नियमानुसार)।

6. परीक्षा फॉर्म भरते समय विशेष ध्यान रखें कि केवल वही विषय भरें जो उन्होंने कॉलेज द्वारा प्रदान किए गए गूगल फॉर्म के माध्यम से चयनित किए थे. जिससे उपस्थिति, आंतरिक मूल्यांकन, ट्यूटोरियल एवं प्रायोगिक अंकों से संबंधित किसी प्रकार की समस्या न हो।

7. केवल सुधार एवं ई.आर. (ER) भर कर परीक्षा-पत्र जमा नहीं करना है, वर्तमान सेमेस्टर के भी विषय को साथ में भर कर परीक्षा-पत्र जमा करना है।

8. वे छात्र जिनका गत सम-सेमेस्टर में ई.आर. (ER) है वे छात्र रि-रजिस्ट्रेशन अवश्य करलें यदि छात्र रि-रजिस्ट्रेशन नहीं करते हैं तो किसी भी प्रकार की विसंगति के लिए ऐसे छात्र स्वंय जिम्मेदार होंगे।

9. छात्रों को यह भी सूचित किया जाता है कि उनके आंतरिक मूल्यांकन एवं ट्यूटोरियल अंक उनके समर्थ पोर्टल पर दिखाई देते हैं। यदि प्रायोगिक अंक में एन./आर. के स्थान पर एन.ए. आता है तो ऐसे छात्र प्रशासनिक कार्यालय में संपर्क करें। यदि छात्र समय रहते इस विसंगति को ध्यान में नहीं लाते हैं तो इसके लिए वे स्वंय जिम्मेदार होगें।

10. परीक्षा-पत्र भरते समय दिल्ली विश्वविद्यालय की वेबसाईट परीक्षा समय-सारिणी (Datesheet) से विषयों के कोड अवश्य जाँच लें।

11. ऐसे छात्र जो एम.आई.एल. विषय किसी और कॉलेज में पढ़ रहे हैं वे यह सुनिश्चित कर लें कि समय पर उनके आंतरिक मूल्यांकन अंक, ट्यूटोरियल एवं प्रायोगिक अंक राजधानी कॉलेज को समय से प्राप्त हो जाएं।

12. प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अपनी पूर्व योग्यता के आधार पर AEC विषयों का चयन निम्नलिखित क्रम में करना होगा:

- हिंदी-A (कक्षा 12 स्तर)
- हिंदी-B (कक्षा 10 स्तर)
- हिंदी-C (कक्षा 8 स्तर)
- संस्कृत-A (कक्षा 12 स्तर)
- संस्कृत-B (कक्षा 10 स्तर)
- संस्कृत-C (कक्षा 8 स्तर)

अतः सभी छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे अपने स्वीकृत विषयों की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होकर अध्ययन कार्य प्रारंभ करें। यदि छात्र अपने द्वारा चयनित विषय से इतर विषय भरते हैं तो इसके लिए वे स्वंय जिम्मेदार होगें।

नोटः [छात्रों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे उन्हीं विषयों (जी.ई., एस.ई.सी. एवं वी.ए.सी.) को पेपर में भरें जो उन्होंने गूगल फॉर्म के माध्यम से चयनित किए हुए हैं। यदि छात्र गूगल फॉर्म से अलग (जी.ई., एस.ई.सी. एवं वी.ए.सी) भरता है तो ऐसे छात्रों का परीक्षा-पत्र सत्यापित नहीं किया जाएगा। उपर्युक्त सूचना को समय रहते ध्यान नहीं देते हैं तो किसी भी प्रकार की विसंगति के लिए छात्र स्वंय जिम्मेदार होंगे।]

28/9/26

प्रो. दर्शन पांडेय
प्राचार्य